समाचार

# नगर विकास के साथ शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता पर–आयुक्त

## (आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम के अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक लेकर भावी कार्ययोजनाओं पर की चर्चा, शासकीय योजनाओं की कार्यप्रगति की समीक्षा की)



कोरबा 08 जून 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम के अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा है कि हम सबको टीम भावना के साथ कार्य करते हुए नगर के विकास, जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण तथ्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखना है तथा एक सुनियोजित कार्ययोजना के तहत कार्य करते हुए शहर को विकास की दिशा में आगे ले जाना हैं।

नवपदस्थ आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। बैठक के दौरान अधिकारियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यो व सौपे गए दायित्वों की जानकारी ली तथा जोनवार व योजनावार कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। इस दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजनांतर्गत स्थापित वार्ड कार्यालय सहित अन्य शासकीय योजनाओं की कार्यप्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक मार्गदर्शन संबंधित नोडल अधिकारियों को दिए। उन्होने शासन की विभिन्न पेंशन परक योजनाओं के तहत हितग्राहियों को प्रदान की जाने वाली पेंशन की कार्यप्रक्रिया की बिन्दुवार जानकारी लेते हुए प्रक्रिया के सरलीकरण पर जोर दिया तथा कहा कि पेंशन हितग्राहियों को सुगम रूप से पेंशन की प्राप्ति हों, उन्हें इसके लिए बैंकों का चक्कर न लगाना पड़े, इस हेतु एक आवश्यक कार्ययोजना तैयार कराए तथा उस पर अमल करें। बैठक के दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने निगम की जलापूर्ति व्यवस्था, साफ–सफाई, डोर–टू– डोर अपशिष्ट संग्रहण, एस.एल.आर.

एम.सेंटरों की गतिविधियॉ एवं किए जाने वाले कार्यो, वृक्षारोपण, सम्पत्तिकर वसूली, स्ट्रीट लाईट व्यवस्था सहित अन्य कार्यो की बिन्दुवार जानकारी लेते हुए अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया। बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद एवं एम.के.वर्मा, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, आर.के.चौबे, आर.के.माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, विनोद शांडिल्य, तपन तिवारी, राजेश पाण्डेय, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, लेखाधिकारी आनंद गुप्ता, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, प्रोग्रामर जमुना नायक, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत, राहूल मिश्रा, राजस्व अधिकारी राजबहादुर सिंह, अनिरूद्ध सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**विभिन्न विभागों का किया निरीक्षण**— आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने अपर आुयक्त श्री अशोक शर्मा व मुख्य लेखाधिकारी श्री पी.आर.मिश्रा के साथ साकेत स्थित निगम के विभिन्न विभागों, शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होने स्थापना, लेखा, निर्माण शाखा, राजस्व, स्टेशनरी, संपदा, सम्पत्तिकर, जनसंपर्क, डाटा सेंटर, सभागार, वाहन शाखा, विद्युत शाखा, स्वच्छता, जन्म—मृत्यु शाखा, भवन निर्माण अनुमति, विभिन्न प्रभारी अधिकारियों के कक्षों सहित साकेत स्थित विभिन्न विभागों व शाखाओं का निरीक्षण किया तथा दस्तावेजों के दुरूस्तीकरण, बेहतर साफ—सफाई आदि सहित विभिन्न बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।